कार्यालय नगर पालिक निगम रायगढ़ (छ.ग.)

प्रेस विज्ञप्ति

स्वच्छता पर अच्छे कार्य करने वालों का होगा सम्मान

0 श्रमिक दिवस उपलक्ष्य पर होगा कलेक्टोरेट सभाकक्ष सृजन में आयोजन

रायगढ़ः—

श्रमिक दिवस के मौके पर स्वच्छता को लेकर अच्छे कार्य करने वाले कर्मचारी, अधिकारी व सफाई कामगारों का सम्मान किया जाएगा। इतना ही सभी सफाई कामगारों को फ्रेंडशीप बैंड बांधकर स्वच्छता मित्र बनाया जाएगा।

शासन के निर्देशाननुसार 1 मई को श्रमिक दिवस मनाया जाएगा। इस दिन नगरीय निकाय क्षेत्रों में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर स्वच्छता के क्षेत्र में अच्छे कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। रायगढ़ नगर निगम द्वारा कलेक्टोरेट सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे से कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम की रूप रेखा के लिए आयुक्त श्री विनोद पाण्डेय ने शनिवार को विभाग प्रमुख अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक ली। इस दौरान कार्यक्रम आयोजित करने की जिम्मेदारी समाज कल्याण अधिकारी श्री प्रवीण शर्मा को दी गई। बैठक में कार्यक्रम पूरी रूप रेखा बनाई गई। श्री शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में रायगढ़ नगर निगम द्वारा 25 लोगों का सम्मान किया जाएगा। इसमें अधिकारी, कर्मचारी, सफाई कामगार व स्व सहायता समूह की महिलाएं शामिल रहेंगी। साथ ही नगर निगम अंतर्गत जो भी वार्ड ओडीएफ हुए हैं, उनके वार्ड पार्षदों का भी सम्मान किया जाएगा। सम्मान समारोह के दौरान डोर टू डोर कलेक्शन व मिशन क्लीन सिटी का प्रशिक्षण स्व सहायता समूह की महिलाओं व कर्मचारियों का दिया जाएगा।

इसके बाद सामूहिक भोज का आयोजन होगा, जिसमें अधिकारी, कर्मचारी, अतिथि, जनप्रतिनिधि व सफाई कामगार साथ में भोजन करेंगे। कार्यक्रम के आयोजन के लिए समिति गठित की गई है, जो जोर–शोर से तैयारी में जुट गए हैं। आयुक्त श्री विनोद पाण्डेय ने शहर के जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। बैठक में विधि अधिकारी श्री सुतीक्षण यादव, सहायक जनसंपर्क अधिकारी लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा, एसबीएम प्रेरक अंकुर पटेल, आयुक्त निज सहायक श्री सुमित केशरवानी आदि उपस्थित थे।